ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-10-2020

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2020-10-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2020-10-14	2020-10-15	2020-10-16	2020-10-17	2020-10-18
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	33.0	34.0	34.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	20.0	20.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	70	70	70	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	55	55	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	8.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	140	100	120	140	140
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	1	1	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (6 - 12अक्टूबर , 2020) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान में आंशिक बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 33.5 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 18.0 से 20.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 74 से 93 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 40 से 53 प्रतिशत एवं हवा 0.2 से 2.0 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम से चली। आगामी पांच दिनों मे मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.0 से 34.0 व 19.0 से 20.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा|

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना नही है अतः किसान भाई गन्ने की खड़ी फसल में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें, इससे गन्ने का वजन बढ़ेगा | शरदकालीन गन्ने की बुवाई पूर्ण करें। किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" डाउनलोड करें। मेघदूत ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना नही है अतः किसान भाई धान की पकी फसलों की कटाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बंगाल ग्राम/ चना	अक्टूबर माह के दूसरे पखवाड़े में चने की बुवाई करें। चना की छोटे दाने वाली किस्मों- पंत जी-114, डी0सी0पी0 92-3, जी0एन0जी0-1581, आधार, जी0एन0जी0-1928, मध्यम आकार दाने वाली किस्मों- पंत जी-186, पंत चना-34, मोटे दाने वाली किस्म- पूसा-256 तथा काबुली चना की किस्म- पंत काबुली चना-1 में से एक का चुनाव करें।
मसूर की दाल	मसूर की उन्नतशील किस्मों की बुवाई करें।
मूँगफली	समय पर बोई गयी फसल की खुदाई कर लें तथा खुदाई के बाद फलियों को खूब सुखाकर भंडारित कर लें।
बरसीम	बरसीम की बुवाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	इस सप्ताह व आगामी सप्ताह मे पछेती गोभी की रोपाई कर सकते है।
बैंगन	बैंगन की फसल में निराइ-गुड़ाई करे साथ ही जो फल तैयार हो गये है उन्हें तोड़कर बाजार भेजें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	प्रसव के तुरन्त बाद नवजात बच्चे की साफ-सफाई कर उसकी नाभी को धागे से बांधकर किसी साफ चाकू या ब्लेड से काटकर उस पर जैन्सन वायलेट पेन्ट अथवा टिंचर आयोडीन लगाना चाहिए। यदि किसी गाय/भैंस का बच्चा गिरने या गर्भपात जैसी समस्या हुई है तो उसके रक्त/सिरम, जेर अथवा मरे हुए बच्चे के नमूने का परीक्षण करायें ताकि बीमारी का निदान हो सके।